कार्यालय, निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा / मा0 / हि0नि0 / 28203 / 2019–20 दिनांकः– 06/07/2020

समस्त संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग,
समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)(माध्यमिक / प्रारंभिक)
समस्त डाईट प्राचार्य
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,

विषयः– 2019–20 के लिये हितकारी निधि वार्षिक अंशदान कटौती विवरण भिजवाने बाबत।

संदर्भः– इस कार्यालय का सम संख्यक पत्र दिनांक 04.11.2019 एवं 8.01.2020 एवं 04.03.2020 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषय में लेख है कि संदर्भित पत्र प्रेषित कर हितकारी निधि अंशदान कटौती ई0सी0एस0 एवं शिड्यूल भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया है, लेकिन देखने में आया है कि छः माह उपरान्त भी वांछित दस्तावेज प्राप्त नहीं हो रहे है तथा पहले भी इस सम्बन्ध में दो स्मरण पत्र भेजे जा चुके है, जैसा कि आपको विदित है कि कर्मचारी के आई0डी0 संख्या ही उनका हितकारी निधि खाता संख्या है तथा ई0सी0एस0 / शिड्यूल की प्रति प्राप्त नहीं होने से उनके खातों में प्रविष्टी नहीं हो पाती है, जबकी यदि कटौती हुई है तो प्रविष्टियाँ भी होना आवश्यक है।

अतः उक्त वांछित दस्तावेजों के अभाव में खातों में प्रविष्टी नहीं होती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी आहरण एवं वितरण अधिकारी की होगी, ध्यान रहे जिन कर्मचारियों का वेतन PEEO/CBEO के द्वारा किया जाता है उन कार्मिकों से संबंधित ई0सी0एस0 एवं शिड्यूल PEEO/CBEO द्वारा ही प्रेषित किये जावें। अन्यथा जो शिड्यूल पी0डी0 मद में आते है उनका रिकोर्ड मिल पाना मुश्किल होता है, क्योंकि IFMS पर जिस आहरण वितरण अधिकारी द्वारा वेतन उठाया गया उनका ही विवरण होता है ना कि शाला प्रधान का अतः पूर्व पत्रों अनुसार जिन्होने वेतन आहरण किया है वे ही ई0सी0एस0 शिड्यूल सम्बन्धित कार्मिकों के सम्बन्ध में प्रेषित करें।

उक्त सम्बन्ध में आप अपने स्तर से सभी आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित करावें।

उप निदेशक (प्रशासन)
एवं सचिव हितकारी निधि
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपिः– निम्न को वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेश्क समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा संकुल, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर।
5. पंजियक शिक्षा विभागीय परिक्षायें, बीकानेर।
6. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान, बीकानेर, अजमेर।
7. प्रधानाचार्य, सार्दूल स्पोर्टस स्कूल, बीकानेर।
8. संयुक्त निदेशक कम्प्यूटर (कार्यालय हाजा) को प्रेषित कर लेख है की विभागीय वेब साईट एवं शाला दर्पण / शाला दर्शन पर अपलोड़ करने बाबत।

उप निदेशक (प्रशासन)
एवं सचिव हितकारी निधि
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर